**रोजगार के लक्ष्य**

975. **श्री ईश दत्त यादव :**
**चौधरी हरमोहन सिंह :**

क्या योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान रोजगार के अवसर सृजित करने के लिये क्या-क्या लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं ;

(ख) उक्त लक्ष्यों को अब तक किस सीमा तक प्राप्त कर लिया गया है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि उदारीकरण की नीति से रोजगार के अवसरों के सृजन संबंधी कार्यक्रमों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है ; और

(घ) यदि नहीं, तो उस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

**योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री गिरिधर गोमांगो)** : (क) से (घ) आठवीं पंचवर्षीय योजना में प्रतिवर्ष 5.6 प्रतिशत की अर्थ-व्यवस्था संवृद्धि दर के समनुरूप प्रतिवर्ष औसतन 8.5 मिलियन के अतिरिक्त रोजगार अवसरों के सृजन की परिकल्पना की गई है। योजना के पहले तीन वर्षों के दौरान प्रतिवर्ष 4.6 प्रतिशत की अर्थव्यवस्था संवृद्धि वार्षिक दर के समनुरूप 19.6 मिलियन अथवा औसतन 6.3 मिलियन प्रतिवर्ष अतिरिक्त रोजगार अवसर सृजित किए जाने का अनुमान लगाया गया है। रोजगार अवसरों के सृजन से संबंधित कार्यक्रमों पर उदारीकरण नीति का प्रतिकूल प्रभाव नहीं देखा गया है।

**मध्य प्रदेश के सांसदों द्वारा संसद-सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत दिए गये प्रस्ताव**

976. **श्री राघवजी** : क्या योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश के उन संसद-सदस्यों के नाम क्या-क्या हैं जिन्होंने "संसद सदस्यों द्वारा एक करोड़ रुपया व्यय किये जाने के संबंध में स्थानीय क्षेत्र विकास निधि" के अन्तर्गत 31 जनवरी तक जिला मजिस्ट्रेटों के पास प्रस्ताव भेजे हैं ;

(ख) उन संसद-सदस्यों के नाम क्या-क्या हैं, जिनके प्रस्तावों पर संबद्ध जिला मजिस्ट्रेट द्वारा संबंधित विकास कार्य आरंभ कर दिया गया है तथा प्रत्येक कार्य में कितनी-कितनी धनराशि खर्च की जायेगी ;

(ग) शेष विकासात्मक कार्यों से संबंधित निर्माण कार्य कब तक प्रारंभ हो जायेगा ; और

(घ) इस विकासात्मक कार्य को प्रारंभ करने में होने वाले विलंब के क्या कारण हैं तथा क्या मंत्रालय जिला मजिस्ट्रेट को इन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर किये जाने के लिये निर्देश देगा?

**योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री गिरिधर गोमांगो)** : (क) से (घ) सूचना एकत्र की जा रही है और उसे सभा पटल पर रख दिया जायेगा।

**Unemployment problem**

977. SHRI IQBAL SINGH: Will the Minister of PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION be pleased to state:

(a) what concrete steps are being taken by Government to solve the problem of unemployment in India particularly in the rural areas of the country;

(b) if so, what are the- details thereof;

(c) if not, the reasons therefor; and

(d) what is the Central allocation for the same during the last three years?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION (SHRI GIRIDHAR GAMANGO): (a) and